पुलिसकर्मियों को पौष्टिक भोजन दें: एसपी

● थाना इकौना का वार्षिक निरीक्षण कर दिए निर्देश

संदेश वाहक न्यूज

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बुधवार को थाना इकौना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी हर उन छोटी छोटी बिन्दुओं पर गौर फरमा रही थीं। जो वास्तव में पुलिसिंग तथा स्वच्छ समाज के लिए आवश्यक था। थाना कार्यालय निरीक्षण के दौरान एसपी ने कार्यालय में नियुक्त कांस्टेबल मुंशी संतोष यादव से वायरलेस सेट के माध्यम से मैसेज पास करने के लिए कहा। थोड़ी देर के लिए मुंशी ने सकपकाया फिर खुद को सम्हालते हुए सफलता पूर्वक वायरलेस सेट पर आसानी से बोलकर मैसेज पास कराया। इसी प्रकार भोजनालय निरीक्षण के दौरान रसोईया से पौष्टिक भोजन बनाने में पड़ने वाले सामग्रियों की मात्रा के बारे में पूछ कर सबको हैरत में डाल दिया। जैसे तैसे रसोईया ने

जवाब दिया। इस पर एसपी ने जवानों के भोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिकायत को अक्षम्य बताते हुए शुद्ध व पौष्टिक भोजन बनाकर परोसने का निर्देश दिया। एसपी ने शौचालय का भी निरीक्षण किया, इसपर उन्होंने कहा कि स्टाफ के अलावा आगंतुक, फरियादी एवं बंदियों के शौचालय के साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। एसपी ने इसके अलावा रजिस्टर नंबर आठ, अपराध रजिस्टर, एक्टीव लिस्ट, बीट सूचना रजिस्टर, फ्लाई शीट रजिस्टर, बी0पी0ओ0 रजिस्टर, शस्त्र सत्यापन, आर्डर बुक प्रार्थना पत्र, आर्डर बुक न्यायालय आदि का बारीकी से अवलोकन किया। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त आरक्षी मधुलिका सिंह व शालिनी सिंह से महिला हेल्प डेक्स से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा आगंतुक रजिस्टर को चेक किया। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त आरक्षियों को बताया गया कि आप सभी लोगों के पास जो भी महिलाएं समस्या लेकर आएं उनको सरलता पूर्वक सुनकर उनकी समस्याओं का निदान कराया जाए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी इकौना संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक थाना इकौना संतोष कुमार तिवारी, पेशकार पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।